# पुनरावृत्ति कार्य पत्र-5

| | | | |
|---|---|---|---|
| नाम | | कक्षा | |
| अनुक्रमांक | | तिथि | |

शिक्षक/शिक्षिका के हस्ताक्षर

**निर्धारित समय : 25 मिनट** **अधिकतम अंक : 18**

**निम्नलिखित प्रश्नों के उचित उत्तर विकल्पों में से चुनिए।** **1 × 18 = 18**

1. वाक्य की रचना होती है–
   (क) उद्देश्य से (ख) विधेय से (ग) उद्देश्य एवं विधेय से (घ) इनमें से कोई नहीं
2. एक क्रिया पदबंध वाले वाक्य को क्या कहा जाता है?
   (क) सरल वाक्य (ख) मिश्र वाक्य (ग) संयुक्त वाक्य (घ) संयुक्त-मिश्र वाक्य
3. जिस जटिल वाक्य में एक प्रधान उपवाक्य तथा शेष आश्रित उपवाक्य होते हैं, उसे कौन-सा वाक्य कहा जाता है?
   (क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य (ग) संयुक्त-मिश्र वाक्य (घ) मिश्र वाक्य
4. 'मैं कल पटना जा रहा हूँ।' यह किस प्रकार का वाक्य है?
   (क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य (ग) मिश्र वाक्य (घ) जटिल वाक्य
5. 'कल छुट्टी है, इसलिए मैं विद्यालय नहीं जाऊँगा।' वाक्य है–
   (क) सरल (ख) संयुक्त (ग) मिश्र (घ) संयुक्त-मिश्र
6. जटिल वाक्य के भेद हैं–
   (क) संयुक्त वाक्य (ख) मिश्र वाक्य (ग) संयुक्त-मिश्र वाक्य (घ) इनमें सभी
7. 'जब माँ आएगी तब खाना बनाएगी।' यह किस प्रकार का वाक्य है?
   (क) मिश्र वाक्य (ख) सरल वाक्य (ग) संयुक्त वाक्य (घ) संयुक्त-मिश्र वाक्य
8. 'बच्चे कह रहे हैं कि <u>इस गाँव में खेल का मैदान नहीं है।</u>' रेखांकित उपवाक्य है–
   (क) संज्ञा उपवाक्य (ख) विशेषण उपवाक्य (ग) क्रियाविशेषण उपवाक्य (घ) इनमें से कोई नहीं
9. 'मेरी वह किताब चोरी हो गई, <u>जो तुमने मुझे दी थी।</u>' रेखांकित आश्रित उपवाक्य है–
   (क) संज्ञा उपवाक्य (ख) विशेषण उपवाक्य (ग) क्रिया-विशेषण उपवाक्य (घ) इनमें से कोई नहीं
10. 'बच्चा ऐसे बोल रहा था <u>जैसे कोई बड़ा आदमी बोल रहा हो।</u>' रेखांकित उपवाक्य है–
   (क) संज्ञा उपवाक्य (ख) विशेषण उपवाक्य (ग) क्रियाविशेषण उपवाक्य (घ) इनमें से कोई नहीं
11. 'मैंने अपनी वो किताब बेच दी जो पुरानी थी।' इस वाक्य का सरल वाक्य होगा–
   (क) मैंने अपनी पुरानी किताब बेच दी। (ख) मेरी किताब पुरानी थी, इसलिए उसे बेच दी।
   (ग) जो किताब पुरानी थी, वो मैंने बेच दी। (घ) मेरे पास एक पुरानी किताब थी, किंतु मैंने उसे बेच दी।
12. संयुक्त वाक्य में सभी उपवाक्य होते हैं–
   (क) आश्रित (ख) प्रधान (ग) स्वतंत्र (घ) इनमें सभी
13. 'गार्ड ने हरी झंडी दिखाई और ट्रेन चल पड़ी।' इस वाक्य का मिश्र वाक्य होगा–
   (क) गार्ड के हरी झंडी दिखाने के साथ ही ट्रेन चल पड़ी। (ख) गार्ड ने हरी झंडी दिखाई, इसलिए ट्रेन चल पड़ी।
   (ग) गार्ड के द्वारा हरी झंडी दिखाते ही ट्रेन चल पड़ी। (घ) जब गार्ड ने हरी झंडी दिखाई, तब ट्रेन चल पड़ी।

**14.** रचना के आधार पर वाक्य के कितने भेद होते हैं?

(क) एक (ख) दो (ग) तीन (घ) चार

**15.** 'उस लड़के को बुलाओ, जिसने कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।' इस वाक्य का सरल वाक्य है–

(क) जिस लड़के ने कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया, उसे बुलाओ।

(ख) जो लड़का कक्षा में प्रथम आया है, उसको बुलाओ।

(ग) कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले लड़के को बुलाओ।

(घ) इनमें सभी

**16.** संयुक्त वाक्यों में आने वाले समुच्चयबोधक अव्यय कितने प्रकार के होते हैं?

(क) एक (ख) दो (ग) तीन (घ) चार

**17.** निम्नलिखित वाक्यों में मिश्र वाक्य पहचानकर नीचे दिए गए सबसे सही विकल्प चुनिए–

*(i)* पिता जी ने कहा था कि आज वे दफ़्तर नहीं जाएँगे।

*(ii)* वह लड़का चला गया जिसने कहानी सुनाई थी।

*(iii)* उसने नाश्ता भी किया और लंच भी किया।

*(iv)* हम लोग तब वहाँ पहुँचे जब सब लोग जा चुके थे।

**विकल्प**

(क) केवल वाक्य *(i)* सही है।

(ख) वाक्य *(ii)* और *(iii)* सही हैं।

(ग) वाक्य *(i)*, *(ii)* और *(iv)* सही हैं।

(घ) वाक्य *(ii)* और *(iv)* सही हैं।

**18.** कॉलम-1 को कॉलम-2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए–

| कॉलम-1 | कॉलम-2 |
|---|---|
| 1. बच्चों ने होमवर्क किया और खेलने चले गए। | *(i)* सरल वाक्य |
| 2. यदि तुम नहीं आओगे तो मैं भी नहीं आऊँगा। | *(ii)* संयुक्त वाक्य |
| 3. उन लोगों को काम पूरा करना ही होगा। | *(iii)* मिश्र वाक्य |

**विकल्प**

(क) 1-*(iii)*, 2-*(i)*, 3-*(ii)* (ख) 1-*(ii)*, 2-*(iii)*, 3-*(i)*

(ग) 1-*(ii)*, 2-*(i)*, 3-*(iii)* (घ) 1-*(ii)*, 2-*(i)*, 3-*(iii)*

# पुनरावृत्ति कार्य पत्र-6

| | | | |
|---|---|---|---|
| नाम | | कक्षा | |
| अनुक्रमांक | | तिथि | |

शिक्षक/शिक्षिका के हस्ताक्षर

**निर्धारित समय : 40 मिनट** **अधिकतम अंक : 16**

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

1. **सरल वाक्य तथा जटिल वाक्य में अंतर स्पष्ट कीजिए।** **2**

........................................................................................................................

........................................................................................................................

........................................................................................................................

........................................................................................................................

2. **सही ( ✓ ) अथवा ग़लत ( ✗ ) के निशान लगाइए।** **½ × 4 = 2**

(क) सरल वाक्यों में एक ही क्रिया पदबंध होता है। ☐

(ख) संयुक्त वाक्यों में एक उपवाक्य प्रधान उपवाक्य होता है। ☐

(ग) क्रियाविशेषण उपवाक्य मिश्र वाक्यों में आते हैं। ☐

(घ) एक उद्देश्य तथा एक विधेय वाले वाक्य जटिल वाक्य कहलाते हैं। ☐

3. **रेखांकित उपवाक्यों के भेद लिखिए।** **½ × 6 = 3**

(क) <u>अध्यापक ने कहा</u> था कि कल स्कूल बंद रहेगा।

........................................................................................................................

(ख) वह मकान बिक गया <u>जिसे आप खरीदना चाहते थे</u>।

........................................................................................................................

(ग) जब वे लोग पहुँचे <u>तब बहुत तेज़ बारिश हो रही थी</u>।

........................................................................................................................

(घ) वह इसलिए घर गई थी <u>क्योंकि उसे खाना खाना था</u>।

........................................................................................................................

(ङ) हम लोगों ने कल फ़िल्म भी देखी और <u>होटल में खाना भी खाया</u>।

........................................................................................................................

(च) वह इस तरह चल रही थी <u>जैसे कोई बीमार चलता हो</u>।

........................................................................................................................

**4. रचना की दृष्टि से निम्नलिखित वाक्यों के भेद लिखिए।** **1 × 5 = 5**

(क) आप खाना खाकर जाइएगा।

..................................................................................................................................

(ख) जब बारिश होगी तब किसान अपने खेतों में हल चलाएँगे।

..................................................................................................................................

(ग) यहाँ बैठिए और अपना काम कीजिए।

..................................................................................................................................

(घ) किसी ज्योतिषी ने कहा है कि यह वर्ष उसके लिए खराब है।

..................................................................................................................................

(ङ) कल मैंने इतना खाया जितना कोई नहीं खा सकता।

..................................................................................................................................

**5. कोष्ठक में दिए गए निर्देशों के अनुसार वाक्य बदलिए।** **1 × 4 = 4**

(क) मैंने पुराना मकान बेच दिया। (मिश्र वाक्य में)

..................................................................................................................................

(ख) त्रिपाठी और पांडे दोनों को सज़ा मिलेगी। (संयुक्त वाक्य में)

..................................................................................................................................

(ग) हमने बहुत समझाया पर वह नहीं मानी। (सरल वाक्य में)

..................................................................................................................................

(घ) मेरी राय मानो जिससे हर मुसीबत से बच सको। (संयुक्त वाक्य में)

..................................................................................................................................